हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी
शनिवार 25 जुलाई 2026 वर्ष 02 अंक 186 पृष्ठ 4
www.keshavtv24.com
Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**
"लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं।"

## मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत 19 खिलाड़ियों को मिला नियुक्ति–पत्र, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दी शुभकामनाएं

**केशववाणी पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम, राजवंशीनगर, पटना में खेल विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों आकाश दीप एवं मुकेश कुमार सहित कुल 19 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति–पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में खिलाड़ियों के लिए सुनहरे भविष्य का एक नया अध्याय शुरू हो चुका है। राज्य सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी सेवा में नियुक्ति देकर यह स्पष्ट संदेश दे रही है कि प्रतिभा, परिश्रम और उपलब्धियों का हर स्तर पर सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लिए गर्व का विषय है कि पहली बार किसी खिलाड़ी को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जैसे उच्च पद पर नियुक्ति दी गई है। सरकार का यह निर्णय राज्य के युवाओं को खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए नई प्रेरणा और आत्मविश्वास




प्रदान करेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक पंचायत में खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए विशेष अभियान चलाएगी। साथ ही विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना विकसित कर बिहार के खिलाड़ियों को ओलंपिक, विश्व कप, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और आईपीएल जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार की खेलोन्मुखी नीतियों और खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन से आने वाले वर्षों में बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## बिना अनुमति सड़क जाम और प्रदर्शन पर नालंदा पुलिस की कार्रवाई, 500 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज

**केशववाणी नालंदा (बिहार)।** नालंदा पुलिस ने बिना अनुमति के सड़क जाम एवं प्रदर्शन करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध बिहार थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रदर्शनकारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 23 जुलाई 2026 को बिहार थाना को सूचना मिली थी कि नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर कॉकरॉच जनता पार्टी के कार्यकर्ता बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिहारशरीफ शहर के विभिन्न स्थानों पर जुलूस निकालने और सड़क जाम करने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जहां करीब 500 युवक बैनर और पोस्टर लेकर सड़क पर एकत्र थे। प्रदर्शनकारियों द्वारा सड़क जाम किए जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस के अनुसार, वरीय अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने और सड़क खाली कराने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा अमर्यादित भाषा का भी प्रयोग किया गया। घटना के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराई। इसके आधार पर बिहार थाना कांड संख्या 429/26, दिनांक 23 जुलाई 2026 के तहत करीब 500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। नालंदा पुलिस ने बताया कि वीडियो फुटेज के आधार पर अज्ञात प्रदर्शनकारियों की पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में विधि–व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लगातार निगरानी रख रही है तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## बिहारशरीफ की बाढ़ एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने विधानसभा में प्रमुखता से उठाया

**केशववाणी रोहतास(बिहार)।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने सदन का ध्यान बिहारशरीफ शहर की वर्षों पुरानी बाढ़ एवं जलजमाव की गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि बिहारशरीफ शहर के मध्य से होकर बहने वाली पंचाने नदी में वर्षों से जमी गाद के कारण बरसात के समय नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ जाता है, जिससे शहर के कई मोहल्लों में बाढ़ एवं जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है और आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से देवीसराय से सोहसराय होते हुए रहुई तक पंचाने नदी की व्यापक गाद सफाई कराने की मांग की, ताकि शहरवासियों को स्थायी राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने कोसुक में निर्माणाधीन रिवर फ्रंट परियोजना का विस्तार बिहारशरीफ से सोहसराय होते हुए बबूरबन्ना मोहल्ला तक किए जाने की मांग भी सदन में प्रमुखता से रखी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल नदी का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि शहर के समग्र विकास, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक सुविधाओं को भी नई गति मिलेगी। इस विषय की गंभीरता को देखते हुए माननीय उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन विभाग की ओर से मामले को नगर विकास एवं आवास विभाग को स्थानांतरित करने की सहमति दी गई। इस पर माननीय नगर विकास एवं




आवास विभाग के मंत्री ने सदन में आश्वस्त किया कि रिवर फ्रंट परियोजना के विस्तार के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) शीघ्र तैयार कराया जाएगा, ताकि परियोजना का विस्तार समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ सके।सदन में चर्चा के दौरान माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार सरकार ने यह भी आश्वासन दिया कि पंचाने नदी की गाद की सफाई तथा रिवर फ्रंट परियोजना के विस्तार की दिशा में आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर बिहारशरीफ के विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक आश्वासन देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय उपमुख्यमंत्री एवं माननीय नगर विकास मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए सदन को धन्यवाद दिया। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र का समग्र एवं सतत विकास, आम नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का समाधान तथा जनहित के प्रत्येक मुद्दे को सदन में मजबूती से उठाना उनका संकल्प रहा है और आगे भी यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## नीट समेत अन्य परीक्षाओं को लेकर नालंदा पुलिस की अपील, छात्र–छात्राएं और अभिभावक अफवाहों से रहें सावधान

**केशववाणी नालंदा (बिहार)।** नीट परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर उत्पन्न हो रहे विभिन्न मुद्दों के बीच नालंदा पुलिस ने छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से शांति, संयम और कानून–व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि किसी भी प्रकार की समस्या, असंतोष या शिकायत होने पर उसे लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से संबंधित सक्षम प्राधिकारी के समक्ष रखा जाए। नालंदा पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि छात्र–छात्राएं और अभिभावक किसी भी परिस्थिति में सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं या अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे साझा करें। केवल आधिकारिक एवं प्रमाणिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। पुलिस ने सभी लोगों से कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार के उपद्रव, तोड़फोड़, आगजनी, सरकारी अथवा निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, सड़क जाम करने या शांति व्यवस्था भंग करने जैसी गतिविधियों से पूरी तरह दूर रहें।प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यदि किसी को परीक्षा से संबंधित कोई शिकायत या समस्या है, तो उसके समाधान के लिए केवल विधिसम्मत एवं शांतिपूर्ण माध्यमों का ही सहारा लें। किसी भी असामाजिक तत्व या अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति के बहकावे में आने से बचें। नालंदा पुलिस ने कहा है कि छात्रों का भविष्य और उनकी शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस ने अभिभावकों से विशेष आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों को किसी भी प्रकार के हिंसक प्रदर्शन या उपद्रव से दूर रखें तथा स्वयं भी ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों, ताकि बच्चों के भविष्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। नालंदा पुलिस ने अंत में सभी नागरिकों से शांति, संयम एवं सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कानून–व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है।







# कतरीसराय पुलिस की बड़ी सफलता: 48 घंटे में फर्जी अपहरण व 2.5 लाख की फिरौती कांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी कतरीसराय (नालंदा)।** नालंदा जिले की कतरीसराय थाना पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर फर्जी अपहरण एवं फिरौती के एक सनसनीखेज मामले का सफल उद्भेदन कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कथित अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया है, जबकि इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि यह अपहरण का मामला नहीं, बल्कि साइबर ठगी से जुड़ी एक सुनियोजित साजिश थी। पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई 2026 को अहियाचक गांव निवासी चंदन कुमार ने कतरीसराय थाना में आवेदन देकर बताया कि उसका छोटा भाई शिव कुमार वर्मा सुबह पटना दवा लाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच देर रात करीब 12:45 बजे चंदन कुमार के मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को साइबर थाना का कर्मी बताते हुए कहा कि शिव कुमार को पकड़ लिया गया है और उसे छोड़ने के लिए 2.5 लाख रुपये देने होंगे। भाई की सुरक्षा को लेकर चिंतित परिजनों ने बताए गए बैंक खाते में 2.5 लाख रुपये भेज दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए कतरीसराय थाना कांड संख्या 354/26, दिनांक 22 जुलाई 2026, धारा 140(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। थानाध्यक्ष ने तत्काल इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। अनुसंधान में सामने आया कि प्रथम दृष्टया अपहरण का मामला प्रतीत होने वाली घटना वास्तव में एक सुनियोजित साजिश थी। कथित अपहृत शिव कुमार वर्मा स्वयं साइबर ठगी से जुड़े गिरोह के संपर्क में था और छह प्रतिशत कमीशन के बदले अपना बैंक खाता उपलब्ध कराने गया था। विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिव कुमार वर्मा को छपरा कचहरी से सकुशल बरामद कर लिया। उसकी निशानदेही पर इस मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर बस स्टैंड निवासी सुधीर कुमार (36), पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी जितेंद्र कुमार (27) तथा खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के भुतौली माल्पा निवासी अनुपम कुमार (41) के रूप में हुई है। अनुपम कुमार वर्तमान में दानापुर के वेस्ट जजेज कॉलोनी क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य संलिप्त अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराध से जुड़े ऐसे गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस पूरे अभियान में पुलिस निरीक्षक सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार कुशवाहा, पुलिस अवर निरीक्षक आदित्य कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मुकुन्द भारती तथा कतरीसराय थाना के सशस्त्र बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम के त्वरित एवं सफल कार्रवाई की सराहना की है।




# ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बरामद किया 7 मोबाइल, जल्द लौटाए जाएंगे धारकों को



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत हरनौत थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों का तकनीकी माध्यम से पता लगाकर उन्हें सुरक्षित बरामद किया गया है। अब आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर संबंधित मोबाइल उनके वास्त. विक धारकों को सौंपे जाएंगे। थानाध्यक्ष इंस्पे. क्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य खोए या गुम हुए मोबाइल फोन का पता लगाकर उन्हें उनके मालिकों तक वापस पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आधु. निक तकनीक और पुलिस की सक्रियता के कारण कई लोगों के खोए हुए मोबाइल बरामद किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल स्थानीय थाना में इसकी सूचना दें, ताकि समय रहते उसका पता लगाया जा सके। इस संबंध में हरनौत थाना में तैनात एसआई अंजनी कुमारी ने बताया कि बरामद किए गए 7 मोबाइलों की पहचान कर ली गई है। आवश्यक सत्यापन के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस आम लोगों की संपत्ति की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है और ऑपरेशन मुस्कान के तहत आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस पहल से मोबाइल खो चुके लोगों में खुशी का माहौल है।

# 25 जुलाई को बिहारशरीफ में लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

## 18 से 40 वर्ष तक के युवक-युवतियों को 1000 से अधिक पदों पर होगा चयन




**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निर्देश पर जिला नियोजनालय, नालंदा द्वारा 25 जुलाई 2026 (शनिवार) को संयुक्त श्रम भवन, ब्लॉक परिसर, बिहारशरीफ में एक दिवसीय नियोजन–सह–व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। जिला नियोजनालय के अनुसार,

रोजगार मेले का उद्देश्य जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार और कौशल विकास से संबंधित जानकारी प्रदान करना है। रोजगार मेले में Reeshav Automobiles] L&T Construction Skill Training Institute] Quess Corp Ltd-] Santamani Paper Mills Bihar Sharif] Feedom Employability Academy] Blinkit] KK Enterprises] HRVS India Pvt- Ltd-] Sanchita & Navya] 2Coms] Maa Security Services] Bread and Better Educands] Gilani Institute of Skills Pvt- Ltd-] Ananya Tata Motor तथा Ananya Green Tractor Showroom सहित कई स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर की निजी कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा रिटेल, हेल्थकेयर, अकाउंटिंग, डिलीवरी सर्विस, हॉस्पिटैलिटी, सिक्योरिटी सर्विस समेत विभिन्न क्षेत्रों में 1,000 से अधिक रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

**12 हजार से 45 हजार रुपये तक मिलेगा वेतन**

रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक युवक एवं युवतियां भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उनकी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं पद के अनुसार 12,000 रुपये से 45,000 रुपये प्रतिमाह तक वेतन मिलने का अवसर होगा।

**ये दस्तावेज साथ लाना होगा**

जिला नियोजनालय ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने बायोडाटा (रिज्यूमे), शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर मेले में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं। रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला नियोजनालय, नालंदा के दूरभाष संख्या 06112–359276 पर कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं।



# 25 जुलाई को बिहार सरकार की उपलब्धियों पर नालंदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन




**केशववाणी बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों के व्यापक प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से 25 जुलाई 2026 को नालंदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त सुश्री सारा अशरफ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) भी प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, जिला परिषद के पदाधिकारी, नगर निकायों के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामा. जिक संगठनों के प्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक एवं आमजन भाग लेंगे। इस अवसर पर जिले में विगत वर्षों के दौरान विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्यों को रिपोर्ट कार्ड, पुस्तिका एवं लघु डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय), नए डिग्री कॉलेजों का संचालन, बिहार स्कूल लाइव क्लासेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, नए राशन कार्ड निर्माण, सहयोग शिविरों के माध्यम से प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों की स्थिति, पंचायत विकास दिवस, आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजनाएं, प्रगति यात्रा एवं समृद्धि यात्रा के तहत शिलान्यासित योजनाओं की प्रगति, पर्यटन, उद्योग, निवेश, रोजगार सृजन सहित विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे कार्यक्रम की तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करें तथा अपनी–अपनी विभागीय उपलब्धियों का संकलन एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकार की विकासात्मक योजनाओं, उपलब्धियों एवं उनसे मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना है।






# बढ़ौना विद्यालय संबंधी समाचार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने लिया संज्ञान, स्पष्टीकरण तलब एवं जांच के दिए निर्देश

**केशववाणी चंडी(नालंदा)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा ने 07 जुलाई 2026 को प्रकाशित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बढ़ौना एवं मध्य विद्यालय बढ़ौना, चंडी के कमरों पर जड़ा ताला, बरामदे में बच्चों की पाठशाला शीर्षक समाचार पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जिला शिक्षा पदा. धिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्य विद्यालय बढ़ौना के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय में पदस्थापित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही मामले की वास्तविक स्थिति का सत्यापन करने के लिए प्रखंड शिक्षा पदा. धिकारी, चंडी को विस्तृत जांच कर यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद तथ्यों के आधार पर नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन तथा छात्रों के लिए बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की लाप. रवाही, अनियमितता अथवा कर्तव्य में शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा के सभी 09 डिग्री कॉलेजों में नियमित रूप से संचालित हो रही है पढ़ाई : जिला शिक्षा पदाधिकारी

**केशववाणी बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा ने समाचार पत्र में प्रकाशित डिग्री कॉलेज में 01 जुलाई से नहीं शुरू हुई पढ़ाई, विभागीय आदेश से टली कक्षाएं शीर्षक समाचार के संबंध में तथ्यात्मक स्पष्टीकरण जारी किया है। जिला शिक्षा पदा. धिकारी ने बताया कि विभागीय निर्देशों के आलोक में नालंदा जिले के सभी 09 नवस्थापित डिग्री कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई 2026 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा इन सभी डिग्री कॉलेजों का विधिवत शुभारंभ किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी महाविद्यालयों में विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप नियमित रूप से शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रूप से जारी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सू. चनाओं पर ही विश्वास करें तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक, अपुष्ट या अफवाह आधारित जानकारी से भ्रमित न हों। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा कार्यालय शिक्षा व्यवस्था के सुचारु संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के लिए लगातार आवश्यक कार्रवाई कर रहा है तथा सभी महाविद्यालयों की नियमित रूप से निगरानी भी की जा रही है।

# नाई संघ की बैठक में महंगाई पर मंथन

## बाल कटिंग व शेविंग के शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव




**केशववाणी बिहारशरीफ(नालंदा)।** सोहसराय स्थित नाई संघ के सभागार में अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 65 से अधिक छोटे–बड़े सैलून संचालकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य विषय बढ़ती महंगाई, सैलून संचालन की बढ़ती लागत और उसके अनुरूप सेवा शुल्क में संशोधन रहा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने सैलून व्यवसाय को भी प्रभावित किया है। दुकान का किराया, बिजली बिल, ब्लेड, क्रीम, शैंपू, हेयर केयर उत्पादों सहित अन्य उपभोग्य सामग्रियों की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में वर्षों पुराने शुल्क पर सेवाएं देना सैलून संचालकों के लिए आर्थिक रूप से कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए बाल कटिंग, दाढ़ी बनाने तथा सैलून की अन्य सेवाओं के शुल्क में बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर जिला संयोजक शिक्षाविद् राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि कई वर्षों से बाल कटिंग और शेविंग के रेट में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं हुआ है, जबकि व्यवसाय चलाने की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। कम आमदनी के कारण सैलून संचाल. कों के लिए परिवार का भरण–पोषण और व्यवसाय का संचालन चुनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि सामान्यतः संगठन दो वर्ष के अंतराल पर शुल्क की समीक्षा करता है, लेकिन इस बार बढ़ती महंगाई और उपभोग्य सामग्रियों की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण बीच में ही नई दरों पर विचार करना आवश्यक हो गया। उन्होंने कहा– दुसरे राज्यों की तरह बिहार में भी राज्य स्तर पर केश कला बोर्ड की स्थापना किया जाय, रेलवे स्टेशनों पर सैलून खोलने के लिए रियायत दर पर सैलून दुकान आवंटित किया जाय। प्रत्येक वार्ड में नाई समाज के लिए वार्ड स्तर पर श्छौर शेडश का निर्माण जनहित कार्य के लिए वार्ड पार्षद से करवाया जाय। ताकि इस शेड में अंतिम संस्कार, श्राद्ध एवं उत्सवी माहौल का कार्य हो सके। नाई समाज में शिक्षा की बहुत ही कमी है, उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं। खास तौर पर बेटियों को जरूर स्कूल भेजें।संघ के उपाध्यक्ष रंजीत कुमार अकेला ने संघ को और अधिक मजबूत बनाने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा समय–समय पर प्रशिक्षण शिविर और जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा। कोषाध्यक्ष बबलू कुमार ने कहा कि नाई समाज के उत्थान के लिए सभी लोगों को आगे बढ़ने की जरूरत है। समाज को आगे बढ़ाना है तो नाई समाज के प्रबुद्ध लोगों को समाज के प्रति समय देने की जरूरत है। संगठन के विधि सलाहकार सुवोध कुमार ने कहा कि नाई समाज के लोग जागरूक बनें। अपने अधिकारों के प्रति सजग हों और शिक्षित बने। बिना शिक्षा के विकास संभव नहीं है। नाई समाज से कुरीतियां समाप्त होनी चाहिए। नाई समाज अपने इतिहास को जाने और उस पर चलने का संकल्प लें। अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर समाज और व्यवसाय के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में लिए गए प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय संगठन की अगली बैठक में सर्वसम्मति से लिए जाने की बात कही गई। इस अवसर पर जिला निगरानी अध्यक्ष विक्रम कुमार, महासचिव प्रमेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता सुरेन्द्र प्रसाद, सुचना मंत्री राजेश कुमार ठाकुर, जनार्दन ठाकुर, अजय कुमार शर्मा समेत जिले के कई सैलून संचालक एवं संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला संयोजक राकेश बिहारी शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और बैठक का समापन किया।

# हरनौत में बारिश का असर दिख रहा है, हरनौत में 166 एमएम बारिश जलाशय लबालब, हरियाली और भरे हुए जलाशय देखकर हो रहा मन खुश

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में बारिश का असर दिख रहा है । सरकारी आंकड़े और जमीन की हकीकत दोनों मैच कर रहे हैं। जलाशय लव लव है भूजल रिचार्ज हो रहा है ।अधिकांश पईन, तालाब,पोखर,नदी सहित विभिन्न जलाशयों में बरसात के पानी से भर गए हैं। जलाशय लबालब होते हीं जमीन के अंदर पानी भर गए हैं। जिसमें भूजल रिचार्ज हो गया है। खेत में नये लगाए गए नर्सरी,अलंग एवं रोड़ किनारे पेड़–पौधे सब हरे हैं। हरियाली और भरे हुए जलाशय देखकर मन खुश हो जाता है ।उधर भगवान भोलेनाथ के भक्त सावन माह की प्रतीक्षा कर रहे हैं है। क्योंकि प्रखंड के पोरई,खरूआरा, रूपसपुर,गंगटा,बस्ती,पोआरी,गोनावां,चेरन,नेहुसा सहित विभिन्न गांवों के सैकड़ों लोग देवघर बाबा धाम पुजा–पाठ करने जायेंगे ।सरकारी आंकड़ों के अनुसार हरनौत प्रखंड में 166 एमएम बारिश 23 जुलाई तक हुई है। जबकि लक्ष्य(12,123 हेक्टेयर) का 65 फिसदी हिस्सों में धान रोपाई का कार्य पूरा कर लिया गया है ।विभाग ने भी अच्छी फसल लेने के लिए जुलाई माह के अंत तक रोपाई कार्य पूर्ण करने की सलाह दी है।



उधर कई स्थानों पर लोगों के परेशानी के साथ–साथ ख़तरा मंडरा रहा है। रात में और दिन में सड़कों पर कीड़े–मकोड़े ज्यादा दिख रहे। सबसे ज्यादा डर सांप का है ।दूसरी ओर डिहरी पंचायत के मुसहरी सहित कई महादलित गांव वैसा है जो विभिन्न जलाशयों के किनारे बसे हैं। जहां न कोई बैरिकेडिंग है और नही ख़तरे का साईन। अगर भरे हुए तालाब या नदी के किनारे बच्चों का ध्यान ना रखा जाए तो पानी पीने से मौत तक हो सकती है। क्योंकि पानी ज्यादा है किनारे फिसलन है एक लापरवाही भारी पड़ सकती है ।यानि नहाने खेलने के चक्कर में हादसा हो सकता है।

# 501 कलश यात्रा के साथ आदमपुर में शुरू हुआ अखंड कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल




**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** गिरियक प्रखंड के आदमपुर गांव में शुक्रवार को 501 महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की भव्य कलश यात्रा के साथ अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ। गाजे–बाजे, जयघोष और भक्ति गीतों के बीच निकली कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। पुजारी पंडित पवन पाण्डेय, पप्पू पाण्डेय, रंजन पाण्डेय एवं राजीव पाण्डेय ने बताया कि आदमपुर गांव से 501 श्रद्धालुओं की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निर्धारित स्थल से जल भरकर महादेव स्थान पहुंचकर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। इसके बाद अखंड हरिनाम संकीर्तन हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे का धुन 24 घंटे का हरि कृतन का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि अखंड कीर्तन शुक्रवार सुबह सात बजे से शुरू होकर समापन तक लगातार चलेगा। इस दौरान भजन–कीर्तन, भगवान की आराधना एवं धार्मिक अनुष्ठान होंगे। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन में भाग लेने और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है गिरियक थाना अध्यक्ष श्रीकांत कुमार एवं ASI अबधेश कुमार अपने शस्त्र बल के साथ सुरक्षा मे मौजूद रहे । कलश यात्रा मे अमन शर्मा,रवि कुमार, मुकेश,पप्पू यादव, गजेंद्र शत्रुध्न, अजीत, मुनाकुमार,अजय,नित्यानंद,अंकित पंडित,बबलू एवं आदमपुर के अन्य ग्रमीण जनता शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री ने नालंदा के 8 पैरा खिलाड़ियों को सौंपे छात्रवृत्ति चयन–पत्र, 7 को सक्षम और 1 को प्रेरणा योजना का मिला लाभ

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** बिहार के माननीय मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पटना के शास्त्री नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान नालंदा जिले के आठ पैरा खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति चयन–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर है और खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया है। सक्षम छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत नालंदा जिले के सात पैरा खिलाड़ियों–गोल्डी कुमारी, अनुपम कुमार, नेहा कुमारी, सौम्या शरद चंद्र, कन्हैया कुमार, अंकित कुमार एवं उज्ज्वल रंजन कुमार–को ₹5 लाख की छात्रवृत्ति के लिए चयन–पत्र प्रदान किया गया। वहीं प्रेरणा छात्रवृत्ति योजना के तहत रजनीश कुमार को ₹3 लाख की छात्रवृत्ति का चयन–पत्र सौंपा गया। इस प्रकार नालंदा जिले के कुल आठ पैरा खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री के हाथों छात्रवृत्ति चयन–पत्र प्राप्त कर जिले का नाम पूरे बिहार में गौरवान्वित किया। इस अवसर पर नालंदा पैरा स्पोर्ट्स संगठन के सचिव एवं कोच कुंदन कुमार पांडे ने सभी चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान खिलाड़ियों की वर्षों की मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।




उन्होंने विश्वास जताया कि यह उपलब्धि नालंदा के अन्य दिव्यांग एवं पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही यह छात्रवृत्ति खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, खेल सं. साधनों और भविष्य की तैयारियों में महत्वपूर्ण सहयोग साबित होगी। इससे पैरा खेलों को नई दिशा मिलेगी और नालंदा के खिलाड़ी देश–विदेश में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

# हथियार दिखाकर ग्रामीणों में दहशत फैलाने वाला एक व्यक्ति हुआ गिरफ्तार, घर से देशी कट्टा व कारतूस बरामद



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के रामसंग डिहरा गांव में ग्रामीणों को हथियार दिखाकर डराने–धमकाने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के घर से तलाशी के दौरान एक जंग लगा देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को डायल–112 टीम को सूचना मिली कि रामसंग डिहरा गांव में एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा है और कई दिनों से अवैध हथियार दिखाकर ग्रामीणों में दहशत फैला रहा है। सूचना मिलते ही डायल–112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी अपने घर में घुसकर छिप गया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और घर के भीतर बिछावन के नीचे छिपे आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान बीरन पंडित (54 वर्ष), पिता स्व. जगेश्वर पंडित, निवासी रामसंग डिहरा, थाना हरनौत के रूप में हुई। तलाशी के दौरान बिछावन के नीचे काले प्लास्टिक में छिपाकर रखा गया एक जंग लगा देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया ।इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर हरनौत थाना कांड संख्या 338/26 दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि मामले की आगे की जांच जारी है। छापेमारी दल में हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मो. तसलीम तथा डायल–112 के चालक उमलेश यादव शामिल थे। पुलिस ने कहा कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों और कानून–व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# रेलकर्मी 9 अगस्त को करेंगे आंदोलन: ईसीआरईयू बैठक में वार्ता, एनपीएस, लेबर कोड के खिलाफ रणनीति



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार स्थित सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना (सडिमका) परिसर में शुक्रवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन (ईसीआरईयू) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में आगामी 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस पर रेलवे के निजीकरण, नई श्रम नीति और एनपीएस (एनपीएस) के विरोध में शांतिपूर्ण आंदोलन करने का निर्णय लिया गया ।ईसीआरईयू कार्यालय में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने की। इसमें आगामी पीएनएम की तैयारी और उसमें उठाए जाने वाले विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई ।संघ ने रेलवे के निजीकरण/ निगमीकरण, नई श्रम नीति, एनपीएस/ यूपीएस के विरोध के साथ– साथ पुरानी पेंशन बहाली, पीएलबी, 8वें सीपीसी और स्थानीय ज्वलंत मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया। इन मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से सभा, रैली, जुलूस, कन्वेंशन, जन जागृति, प्रदर्शन, नुक्कड़ सभा और गेट मीटिंग जैसे कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया गया ।संघ का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को सरकार व प्रबंधन तक मजबूती से पहुंचाना है। बैठक में लिए गए निर्णयों से कारखाना कर्मियों में नया जोश देखा गया। संगठन ने आंदोलन को और मजबूत बनाने के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया ।संघ के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने कहा कि संगठन कर्मियों के हित में लगातार संघर्ष करता है और हरनौत रेल कारखाना के कर्मियों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है ।इस अवसर पर शाखा सचिव विपिन बिहारी पंडित, कोषाध्यक्ष मंटु कुमार, संयुक्त सचिव रवि रंजन कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह, सहायक सचिव शत्रुघ्न मंडल, अर्चना, सुनील व दीलीप सहित संगठन सचिवों में नंदेलाल, मधु रवि रंजन व चितरंजन समेत अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

